आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: rgs.cce@gmail.com Ph 0141-2706550

क्रमांक : F.7(4)Rgs/cce/acad/Advertisement/2023/7605 दिनांक 11.5.23

प्राचार्य
समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय
राजस्थान।

विषयः— राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य हेतु 12.05.2023 को आयोजित ऑनलाइन मीटिंग के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान के मूल निवासी विद्यार्थियों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस—2021 योजना का प्रारंभ अक्टूबर 2021 से किया गया है। इस संबंध में यह उल्लेखनीय है कि—

1. यह योजना स्नातक स्तर, स्नातकोत्तर स्तर, पीएचडी एवं पोस्ट डॉक्टरल अनुसंधान कार्यक्रम हेतु निर्दिष्ट विषयों में योजनान्तर्गत सूचीबद्ध किये गये 150 विश्वविद्यालयों में अध्ययन हेतु सहायता प्रदान करती है।
2. वर्ष 2023—24 से 500 मेधावी छात्र—छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। 30 प्रतिशत अवार्ड छात्राओं के लिए चिन्हित है।
3. योजनान्तर्गत पारिवारिक वार्षिक सकल आय के अनुसार ट्यूशन फीस एवं अन्य वार्षिक रख—रखाव खर्चे विद्यार्थियों को देय है।

इस योजना के लिए विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य हेतु **दिनांक 12.05.2023 को अपराह्न 12 से 1 बजे** तक **आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में ऑनलाइन मीटिंग** आयोजित की जानी है जिसमें समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की उपस्थिति अपेक्षित है। मीटिंग का लिंक संबंधित महाविद्यालयों की ई—मेल आई डी पर प्रेषित कर दिया गया है।

योजना की अधिक जानकारी के लिए नीचे दिये गये लिंक से सूचना प्राप्त कर सकते है—
https://hte.rajasthan.gov.in/online-scholarship

क्रमांक : F.7(4)Rgs/cce/acad/Advertisement/2023/ 7605 दिनांक 11.5.23
प्रतिलिपि :— निम्न को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है —

1. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को आकाशि वेबसाईट पर अपलोड/ई—मेल करने हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

Signature valid
Digitally signed by Shaila Mahan
Designation : Professor
Date: 2023.05.11 18:14:32 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3826315